तापमान
अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 20.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शनिवार 09 नवंबर 2024

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]



## खबर संक्षेप

### एक्सीडेंट में युवक की मौत, एक घायल

**महासमुंद।** बाघामुड़ा और बोड़रीदादर के बीच टाटा 407 की टक्कर से बाइक में सवार युवक की मौत हो गई, घटना में एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि मृतक पुष्कर साहू अपने रिश्ते के चाचा दुलेश्वर साहू के साथ बाइक सीजी 06 जीवाय 9954 से किसी काम से ग्राम कोचर्रा से ग्राम बाघामुड़ा जा रहा था। बाघामुड़ा व बोडरीदादर के बीच रोड केसरी चंद्राकर के खेत के सामने विपरीत दिशा से आ रहे टाटा 407 वाहन क्रं. सीजी 06 जीएस 0532 के चालक ने अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक को एक्सीडेंट कर दिया। इस एक्सीडेंट के चलते पुष्कर साहू के सिर एवं मुंह में गंभीर चोट आई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। वहीं घटना में दुलेश्वर साहू के पैर में चोट आई है। मामले में रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूध्द अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### कार की टक्कर से दो लोगों को आई चोट

**महासमुंद।** एनएच 53 बिरकोनी में चंडी मंदिर गेड के पास कार को एक ट्रक ने टक्कर मार दिया। जिससे कार में सवार दो लोगों को चोटें आई है। पुलिस को रूपेंद्र पटेल निवासी ग्राम करगीपाली सारंगढ 7 नवंबर को अपने दोस्त डोलामणि पटेल के साथ निजी कार्य से अपने कार क्रमांक सीजी 06 जीडब्लू 8473 से सरायपाली से रायपुर जा रहा था। जैसे वे दोनों एनएच 53 रोड बिरकोनी चंडी मंदिर गेट के पास पहुंचे, पीछे से ट्रक क्रमांक पीबी 13 बीबी 0254 के चालक अपने वाहन को तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाकर कार को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। इससे कार के पीछे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और घटना में प्रार्थी के चेहरे, नाक तथा उसके दोस्त डोलामणि को गंभीर चोट लगने से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। ट्रक चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

## व्रतियों ने उगते सूरज को अर्घ्य देकर की छठी मैया की आराधना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

चार दिवसीय छठ महापर्व के आखिरी दिन शुक्रवार को शहर के महामाया तालाब पर 36 घंटे की व्रती महिलाओं ने उगते सूर्य को अर्घ्य दिया और छठी मैया की विधिपूर्वक पूजा-अर्चना कर व्रत का पारण किया। भगवान सूर्य और छठी मैया को समर्पित छठ पर्व का चौथा और आखिरी दिन उषा अर्घ्य के रूप में मनाया जाता है। छठ पूजा के चौथे दिन उगते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है।

बता दें कि छठ पूजा की शुरूआत नहाय-खाय के साथ होती है। इस दिन स्नान के साथ सूर्य देवता को साक्षी मानकर व्रती महिलाएं व्रत का संकल्प लेती हैं। बाद चने की सब्जी, चावल और साग ग्रहण करने के बाद व्रत की शुरूआत होती है। छठ पूजा के दूसरे दिन खरना होता है। इस दिन महिलाएं व्रत करती हैं। शाम को इस दिन गुड़ की खीर बनाई जाती है और सबसे खास बात यह कि इस खीर को मिट्टी के चूल्हे पर बनाने की परंपरा है। आज सुबह शहर के महामाया तालाब घाट सहित अन्य जगहों पर बने छठ घाटों पर बड़ी संख्या में व्रती महिलाएं पहुंचीं। ब्रह्ममुहूर्त में स्नान कर सूर्य उदय से पहले ही अर्घ्य देने का सिलसिला प्रारंभ हुआ। घाट के किनारे आतिशबाजी की गई। अर्घ्य देने के बाद महिलाएं ठेकुआ का प्रसाद ग्रहण कर निर्जला व्रत का पारणा किया।

चार दिवसीय छठ महापर्व के आखिरी दिन महामाया घाट पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



### अस्तांचल सूर्य को अर्घ्य देकर की सुख-समृद्धि की कामना

गुरुवार को अस्तांचल होते सूर्य को अर्घ्य देती महिलाओं के चेहरे भक्तिभाव से चमक उठे। शाम होते ही श्रद्धालु परिजनों के साथ पूजा की सामग्री लेकर घाटों पर पहुंचे। यहां पहुंचकर पहले से चिन्हित बेदी पर पूजा का सामान रखकर व्रती महिलाओं ने पूजा शुरू की। बाद महिलाओं ने छठ पूजा में उपयोग होने वाली सभी सामग्रियों को टोकरी में रखा।

**आंदोलन:** धरना देकर निकाली रैली, पहुंचे कलेक्टोरेट

## कार्यकर्ता-सहायिकाएं रहीं हड़ताल पर आंगनबाड़ियों में लटकता रहा ताला





हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- नियमितीकरण, मानदेय बढ़ाने समेत अनेक मांग शामिल

नियमित कर शासकीय कर्मचारी घोषित करने, मानदेय बढ़ाने, सेवानिवृत्त पश्चात पेंशन, ग्रेज्युटी देने, समूह बीमा का लाभ, अनुकंपा नियुक्ति, मंहगाई भत्ता देने और पदोन्नति की मांगों को लेकर पटवारी कार्यालय के सामने जिले की हजारों आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाएं एक दिवसीय हड़ताल पर रहे। कार्यकर्ताओं की हड़ताल से जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में ताला लटकता रहा। कार्यकर्ताओं की हड़ताल से गर्भवती महिलाओं को दिए जाने वाले रेडी-टू-ईट वितरण, गरम भोजन, गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण का कार्य प्रभावित हुआ है। बता दें कि जिले में 1782 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं। यहां साढ़े तीन हजार कार्यकर्ता-सहायिकाएं सेवाएं दे रही हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका संयुक्त मंच की अध्यक्ष द्रोपती साहू ने बताया कि धरना पश्चात रैली की शक्ल में महिलाएं जिला कलेक्टोरेट पहुंची और प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। पदाधिकारियों ने कहा कि बढ़ते महगाई के इस दौर में हम आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका आर्थिक रूप से, मानसिक रूप से परेशान है, विभागीय काम के अलावा भी कई सारे काम लिए जाते हैं जिसके चलते विभागीय कार्य में बाधा उत्पन्न होती है।

### ड्रेस का भी जताया विरोध

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाओं ने बताया कि वे मानसेवी है और वह स्वयं जिस गांव में केंद्र में पदस्थ होते है, वहीं के मतदाता नागरिक सभी जनता और हितग्राही पहचानते है इसलिये इनकी पहचान के नाम से उनके लिये ड्रेस कोड अनिवार्य किया जाना व्यवहारिक नहीं है। इसके साथ ही ड्रेस के नाम से जिस दिन किसी कारण वश पहन के नहीं आ पाते हैं तो उस दिन का मानदेय काटना और बैठकों में ताना दिया जाना अनुचित है। ड्रेस कोड की अनिवार्यता को समाप्त किए जाने की मांग करते हुए आंबा कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने बाध्यता समाप्ति की मांग करते हुए कहा कि शासन की ओर से ऐसी कोई बाध्यता है तो उस आदेश की प्रति उपलब्ध कराई जाए।

## पॉवर प्लांट के खिलाफ पदयात्रा कर सीएम जनदर्शन पहुंचेगा किसान मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

करणीकृपा पॉवर प्लांट के विरोध में

- छत्तीसगढ़ संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक में बनी आंदोलन की रूपरेखा



आंदोलनरत छग संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक बुधवार को खैरझिटी के श्रीराम जानकी मंदिर में हुई। बैठक में तय किया गया कि करणीकृपा पावर लिमिटेड के विरुद्ध आंदोलनरत सत्याग्रही किसान पदयात्रा कर मुख्यमंत्री जनदर्शन पहुंचेंगे। 8 अगस्त 2024 को मुख्यमंत्री जनदर्शन में दिए गए न्यायालय के आदेश के परिपालन का मुख्यमंत्री के निर्देश पर क्या हुआ? क्यों नहीं हो रहा है परिपालन ? इस पर मुख्यमंत्री से चर्चा करेंगे।

मोर्चा ने कहा कि प्लांट को कास्त भूमि, नेशनल हाईवे की भूमि, किसानों की भूमि खाली करना होगा। राज्य सरकार करणीकृपा प्राइवेट लिमिटेड को बंद कराएं। प्लांट में अवैधानिक कार्य, दुर्घटना और विस्फोटक से मृत, घायल श्रमिकों को मुआवजा के साथ नौकरी देनी होगी। बैठक में राज्य किसान मोर्चा के पदाधिकारी एवं सदस्यगण मौजूद रहे।

## 3100 रुपए धान की कीमत ने बढ़ा दी खेती के प्रति रूचि, अब तक 6613 नए किसानों का हो चुका पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राज्य में भाजपा सरकार के काबिज होने के बाद 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी किए जाने के चलते लोगों में खेती किसानी को लेकर रूचि बढ़ी है। जिले में 6613 नए किसानों ने समर्थन मूल्य में धान बेचने के लिए अपना पंजीयन कराया है। आगामी 14 नवंबर से शुरू होने वाली धान खरीदी में इस बार जिले के 1 लाख 62 हजार 53 किसान अपनी उपज बेचेंगे। उल्लेखनीय है कि पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर पर धान खरीदी करने का वायदा किया था। इस वायदे के तहत सरकार बनने के बाद किसानों को एकमुश्त यह राशि दी गई थी। धान का रेट बढ़ने के कारण लोगों में अब खेती किसानी को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। दीपावली के बाद से धान की फसल कटाई में तेजी आई है। कम अवधि में तैयार होने वाली फसल की कटाई शुरू हो चुकी है। लंबी अवधि वाली फसल को तैयार होने में समय है। धान की खरीदी 14 नवंबर से प्रारंभ होनी है। किसान अब खरीदी शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं।

### इलेक्ट्रॉनिक कांटे से होगी खरीदी

जिले के सभी उपार्जन केंद्रों में इस साल इलेक्ट्रानिक कांटे से धान खरीदने तैयारी की जा रही है। इसके लिए शासन से आदेश भी आ गए हैं। पिछले साल कुछ ही केंद्रों में ही इलेक्ट्रानिक कांटे से खरीदी हुई थी। जिले में अभी 182 धान उपार्जन केंद्र हैं। नए केंद्रों बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी मिलता है तो किसानों को सहूलियत होगी।

### समितियों में पहुंचने लगे बारदानेः राठौर

डीएमओ टिकेंद्र राठौर ने बताया कि धान खरीदी का लक्ष्य मिला है। समितियों में बारदाने भी पहुंचने लगे हैं। इस बार भी पुराने बारदाने का उपयोग धान खरीदी के दौरान किया जाएगा। फड़ों की साफ-सफाई करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

### 124 लाख क्विंटल धान खरीदी का मिला लक्ष्य

खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी 14 नवंबर से शुरू होगी। जिले को 124 लाख क्विंटल धान खरीदी का लक्ष्य मिला है। इधर, किसान फसल कटाई में लगे हुए हैं। वही पिछले वर्ष कुल 112 लाख क्विंटल धान की खरीदी हुआ जो दिये गये लक्ष्य से अधिक था। समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीदी की तैयारी अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। किसानों का पंजीयन पूरा होने के बाद प्रशासन मैदानी तैयारी पूरी करने में जुटा है। अवैध धान तस्करी रोकने के लिए कुल 16 चेकपोस्ट भी बनाए जाएंगे। धान के रखरखाव के लिए उपार्जन केंद्रों में मानक स्टेकिंग लगे हैं। पिछले साल जिले में कुल 112 लाख क्विंटल धान की खरीदी हुई थी। लक्ष्य से भी अधिक धान की खरीदी की गई थी।

## मंदिरों को निशाना बना रहे चोर, दुधीपाली के बाद अब पतई माता मंदिर में सेंधमारी

**महासमुंद।** मंदिरों में चोरी के मामले बढ़ने लगे हैं। बसना के दुधीपाली के शिव मंदिर में चोरी की घटना के बाद अब पटेवा क्षेत्र के पतई माता मंदिर में चोरी का मामला सामने आया है। घटना को लेकर पतईमाता मंदिर विकास समिति का उपाध्यक्ष खोम सिन्हा ने पटेवा थाने में एफआईआर कराई है। प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि 7 नवंबर को पतईमाता मंदिर के पुजारी दिलेश्वर वैष्णव द्वारा फोन के माध्यम से बताया कि वह पतई माता मंदिर में सुबह 9 बजे पतई माता मंदिर में पूजा करने आया तो पतईमाता मंदिर में चोरी की घटना की जानकारी हुई।

सूचना मिलने के बाद प्रार्थी के साथ पतईमाता मंदिर के अध्यक्ष लक्ष्मण पटेल, सचिव हरीश देवांगन, उपाध्यक्ष रोशन पटेल, सह सचिव सीताराम ध्रुव, मीडिया प्रभारी पीयूष अग्रवाल तथा अन्य सदस्य सभी वहां पहुंचे, और देखा कि मंदिर के मुख्य दरवाजा का कुंडी टूटा हुआ था व पतईमाता मूर्ति में लगा चांदी का मुकुट कीमत करीबन 5,000 रुपए, मूर्ति ऊपर लगे चांदी की छत्र कीमत करीबन 14000 रुपए, दान पेटी में रखे नगदी रकम करीबन 5000 रुपए तथा मंदिर में बने ज्योत कक्ष से एम्पली फायर कीमत करीबन 4000 रूपये कुल करीबन 28,000 रुपए को किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। पुलिस ने रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 305 (डी) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है। गौरतलब है कि बसना थाना क्षेत्र के ग्राम दुधीपाली के शिव मंदिर से भी करीबन 22 हजार के सामान की चोरी की घटना भी सामने आ चुकी है।

## शहर में प्रतिबंधित पॉलीथिन का धड़ल्ले से हो रहा है उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रतिबंध के बावजूद शहर में पॉलीथिन का इस्तेमाल धड़ल्ले से हो रहा है। इसकी रोकथाम के लिए शासन स्तर से जारी दिशा-निर्देशों का अनुपालन जिम्मेदारों द्वारा नहीं कराए जाने से छोटे से लेकर बड़े व्यापारी तक बेखौफ होकर इनका उपयोग कर रहे हैं।

बता दें कि केंद्र सरकार ने 1 जुलाई 2022 से सिंगल यूज प्लास्टिक पर बैन लगाया है। इसके बाद कई क्षेत्रों में बैन हुए प्लास्टिक का उपयोग कर रहे लोगों पर कार्रवाई भी की गई है। वर्तमान में पालिका द्वारा लंबे से कार्रवाई नहीं होने से दुकानदार जमकर फायदा उठा रहे हैं। वहीं आम लोगों द्वारा भी प्लास्टिक की खरीदी की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।



बता दें कि शहर के मुख्य बाजार सहित दुकानों में भी बैन हुए प्लास्टिक बिक रहे हैं। साथ ही सब्जी बाजार में अभी भी पॉलीथिन में सब्जी दी जा रही है। बैन हुए सिंगल यूज प्लास्टिक में प्लेट, कप, ग्लास, ईयरबड, गुब्बारे की प्लास्टिक छड़, झंडे, कैंडी स्टीक, आइसक्रीम स्टीक, थमोर्कोल, कांटे चम्मच, चाकू, पुआल, ट्रे, सिगरेट के पैकेट, 100 माइक्रोन से कम प्लास्टिक या पीवीसी बैनर शामिल हैं। इन चीजों का उपयोग बैन है लेकिन, अभी भी धड़ल्ले से खरीदी-बिक्री और इस्तेमाल हो रहा है।

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** सरायपाली पुलिस ने वार्ड नं. 2 वीरेंद्र नगर से एक आरोपी के कब्जे से महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि 7 नवंबर को आरोपी संजय सहिस के कब्जे से 2 लीटर क्षमता वाली दो प्लास्टिक बाटल में भरा 2-2 लीटर देशी महुआ शराब कुल 4 लीटर देशी महुआ शराब कीमत 800 रुपए को जब्त कर धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### जमीन विवाद को लेकर मारपीट, काउंटर रिपोर्ट

**महासमुंद।** ग्राम चिंगरौद में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। कोतवाली पुलिस ने अलग-अलग रिपोर्ट में केस दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस न बताया कि ग्राम चिंगरौद का बैसाखू साहू 7 नवंबर की सुबह 7 बजे अपनी पत्नी लेड़गी साहू के साथ घर ब्यारा में काम कर रहा था। उसी समय घर ब्यारा जमीन बंटवारे की बात को लेकर कल्याणी साहू, राजू साहू, दमेन साहू ने आकर वहां दीवार खड़ा करने से मना किया और गाली गलौज करते हुए एक राय होकर गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का, लाठी, डंडा से मारपीट करने लगे। मारपीट से प्रार्थी को चोट नहीं आई है लेकिन उसकी पत्नि लेडगी साहू के पीठ, कान में चोटें आई। इधर दूसरे पक्ष की रिपोर्ट को लेकर पुलिस ने बताया कि चिंगरौद गांव की कल्याणी बाई साहू 7 नवंबर की सुबह लगभग 7 बजे अपने लड़का निर्मल उर्फ राजू साहू के साथ घर ब्यारा में काम कर रही थी। साथ में परिवार का लड़का देवेंद्र साहू भी था। पूर्व से ही परिवार के लेड़गी बाई साहू, बैसाखू साहू, तारेंद्र साहू से प्रार्थिया का घर ब्यारा जमीन बंटवारे की विवाद चल रहा है। इसी जमीन पर उन लोगों के द्वारा लकड़ी रखा गया था, जिसे आरोपी लेडगी बाई साहू हटा रही थी। लकड़ी हटाने से मना करने पर लेडगी बाई साहू, उसके पति बैसाखू राम साहू और उसके लड़के तारेंद्र साहू ने एक राय होकर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का, लाठी डंडा से मारपीट करने लगे। पुलिस ने रिपोर्ट पर दोनों में मामलों में धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के अंतर्गत जुर्म दर्ज कर लिया है।

इस बार रबी फसल के लिए कोडार बांध से पानी मिलने को लेकर संशय की स्थिति

## कोडार बांध में 13 फीट ही पानी, गर्मी में बनेगी मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के सबसे बड़े बांध कोडार में वर्तमान में 13 फीट पानी है। खरीफ फसल के लिए लगातार पानी प्रदान किया जा रहा है। इस बार रबी फसल के लिए कोडार बांध से पानी मिलने को लेकर संशय की स्थिति है। इस बार बांध का जलस्तर काफी कम है। मानसून सीजन के दौरान कोडार बांध में 23 फीट पानी भर पाया था। इसके बाद किसानों की मांग पर सितंबर माह से ही पानी दिया जा रहा है। खरीफ फसल के लिए किसानों को पानी तो मिल गया, लेकिन अब रबी फसल की सिंचाई के लिए कोडार बांध में पर्याप्त पानी नहीं है।

छोटे लघु जलाशयों से भी खरीफ फसल के लिए पानी किसानों को दिया जा रहा है। गर्मी के सीजन में सूखे हुए तालाबों को भरने के लिए कोडार बांध से पानी दिया जाता है। पूर्व वर्षों की तुलना में 2024 में मानसून काफी कमजोर रहा। जिसके कारण महासमुंद विकासखंड में कम बारिश हुई। औसत वर्षा से महासमुंद 5 विकासखंड में 27 प्रतिशत कम 1060 बारिश हुई। जिससे जलाशयों में पर्याप्त पानी नहीं भर पाया। कोड़ार बांध पानी कम होने से आसपास के किसानों को आगामी रबी सीजन में दिक्कत हो सकती है।



जिले में 974। 6 मिमी बारिश दर्ज की गई। महासमुंद में 878। 3 मिमी, - सरायपाली में 787। 7 मिमी, बसना में -1060 मिमी, पिथौरा में 1344, - बागबाहरा में 945 मिमी, कोमाखान - में 831 मिमी बारिश दर्ज की गई। जिले में 2024 के मानसून सीजन में 993 मिमी बारिश का अनुमान लगाया गया था, लेकिन 974 मिमी ही बारिश हुई। जबकि, 2023 में 1072 मिमी बारिश हुई थी। कोडार शाखा के अधिकारी जीपी पाटिल ने बताया कि कोडार जलाशय में 13 फीट पानी ही शेष है। खरीफ सीजन की फसलों के लिए पानी अभी भी दिया जा रहा है।

### पिछले रबी सीजन में दिया गया था पानी

पिछले साल 2023 में कोडार बांध से किसानों को पानी दिया गया था। पिछले साल कोडार बांध में 28 फीट पानी भरा था। जब रबी फसल के लिए पिछले वर्ष पानी प्रदान किया गया था, तब कोडार बांध में 16 फीट पानी था। वर्तमान में खरीफ सीजन में ही 13 फीट जलस्तर हो चुका है। जिले के ज्यादातर किसान रबी सीजन में धान की फसल ही लेते। धान की फसल के लिए पानी की आवश्यकता होती है। शासन द्वारा अन्य फसल लेने के लिए भी किसानों को प्रोत्साहित किया जाता है, लेकिन ज्यादातर किसान धान की फसल ही लेते हैं। इसकी एक वजह ये भी है कि धान की समर्थन मूल्य बढ़ा है। इस साल 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान की खरीदी की जाएगी।

पाठक सूचना
महासमुंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप




### कोटद्वारी का सचिव निलंबित

**महासमुंद।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस आलोक द्वारा जनपद पंचायत सरायपाली से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार ग्राम पंचायत कोटद्वारी के सचिव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। प्रतिवेदन के अनुसार 8 नवंबर 2024 को सचिव वृन्दावन बांक कार्यालयीन समय में अनुपस्थित थे। वृन्दावन बांक ग्राम पंचायत सचिव का शराब सेवन करते हुए फोटो वायरल हुआ है तथा शराब के नशे में कार्यालयीन समय में सड़क में घूमते हुए पाया गया है, जिसके कारण इस कार्यालय की छवि धूमिल हुई है। ग्राम पंचायत सचिव वृन्दावन बांक का उक्त कृत्य कर्तव्य के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता को दर्शाता है, जो छग पंचायत सेवा आचरण नियम 1998 के नियम 3 के विपरीत है। अतः वृन्दावन बांक ग्राम पंचायत सचिव ग्राम पंचायत कोटद्वारी, जनपद पंचायत सरायपाली के उक्त कृत्य के कारण उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में ग्राम पंचायत सचिव बांक का मुख्यालय कार्यालय जनपद पंचायत महासमुंद होगा। उन्हें निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

### खराब धान बीज से नुकसान, उपसंचालक से शिकायत

**महासमुंद।** खराब धान बीज की जांच कराने की मांग एक किसान ने उप संचालक कृषि विभाग से की है। चिंगरौद के किसान चैतूराम निषाद ने शिकायती पत्र में बताया कि बम्हनी के एक कृषि केंद्र से श्रीरामा सीड्स एमटीयू 7029 सारंगपुर का धान का बीज खरीदा था, जिसे स्वर्णा किस्म का धान बीज होना बताया। लेकिन बीज के खराब होने के चलते धान का उत्पादन बेहद ही कम हुआ, जिससे आर्थिक क्षति हुई। किसान ने खराब धान बीज उपलब्ध कराने वाले फर्म के खिलाफ जांच की मांग की है।

**प्रशिक्षण:** बिरकोनी में लगा भारत स्काउट्स गाइड्स का विकासखंड स्तरीय तृतीय सोपान जांच शिविर

# लक्ष्य प्राप्ति के लिए अनुशासन व एकाग्रता जरूरी: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारत स्कॉउट्स एवं गाइड्स विकासखंड स्तरीय तृतीय सोपान प्रशिक्षण एवं जांच शिविर चंडी मन्दिर बिरकोनी में आयोजित है। शिविर के द्वितीय दिवस 7 नवंबर को भारत स्कॉउट्स एवं गाइड्स स्थापना दिवस पर संध्या व्यक्तित्व विकास प्रशिक्षण के अंतर्गत बतौर मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर व भारत स्काउट्स एवं गाइड्स पदेन जिला संरक्षक विनय कुमार लंगेह, विशेष अतिथि जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, अध्यक्षता भारत स्कॉउट्स एवं गाइड्स जिला संघ जिलाध्यक्ष येतराम साहू, विशेष अतिथि बिरकोनी सरपंच ताम्रध्वज निषाद, पूर्व डीओसी कमल लूनिया रहे। सर्वप्रथम स्कॉउटिंग परंपरा अनुरूप अतिथियों का जनरल सेल्यूट के बाद स्कार्फ से स्वागत किया गया। शिविर संचालक तुलेंद्र सागर ने बताया कि शिविर में 156 स्कॉउट्स , 121 गाइड्स, 24 प्रभारी शिक्षक, 12 प्रशिक्षक मंडल सम्मिलित है। 7 नवंबर 1950 को भारत स्काउट्स एवं गाइड्स संस्था की स्थापना हुई थी, जिसकी 75वीं वर्षगांठ हीरक जयंती वर्ष के रूप में मनाई जा रही है। जिसके तहत विभिन्न कार्यक्रम पूरे वर्ष संचालित होंगे। इस अवसर पर प्रशिक्षक मंडल द्वारा कलेक्टर एवं सीईओ समेत अन्य अतिथियों को 75वीं वर्षगांठ का स्टिकर लगाया गया। इस मौके पर सीईओ आलोक ने कहा कि शिविर में आने से व्यक्तित्व विकास होता है। बच्चे निडर होकर अपने विचार अभिव्यक्ति को प्रकट कर सकता है। लक्ष्य तक पहुंच सकते हैं। वहीं कलेक्टर लंगेह ने स्कॉउट-गाइड को व्यक्तित्व विकास बताते हुए कहा कि अपने लक्ष्य प्राप्त करने के लिए स्वयं अनुशासित होकर एकाग्रता के साथ समय प्रबंधन का पालन व सामान्य ज्ञान की जानकारी होना आवश्यक है। उससे पहले बेड हैबिट को छोड़ना होगा। जैसे आजकल मोबाइल एडिक्ट, रील बनाना सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने शिविर में उपस्थित सभी बच्चों को नशापान से दूर रहने एवं नशामुक्ति अभियान का सहभागी बनने प्रेरित किया।



उन्होंने कहा कि हम जिला स्तर पर नशामुक्ति अभियान चलाएंगे, जिसके आप सभी वॉलिंटियर होंगे। कलेक्टर ने बच्चों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का भी जवाब दिया। शिविर में उपस्थित सभी लोगों नशामुक्ति की शपथ भी दिलाई गई। जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने आभार किया। कार्यक्रम का संचालन हिरेंद्र साहू सहसचिव ने किया। कार्यक्रम में जय पवार जिला उपाध्यक्ष, कौशलेन्द्र वैष्णव ब्लाक अध्यक्ष, तुलेंद्र सागर, रामकुमार साहू, सुरेंद्र मानिकपुरी, कमल लूनिया, प्रमोद कुमार कन्नौजे, लीनु चंद्राकर, लता वैष्णव, चंद्रकांता ठाकुर, हीरेंद्र साहू, मुरलीधर पटेल, अजय तांडी, चंद्रकांता ठाकुर, प्रभारी शिक्षक वेदराम रात्रे, नरेश विश्वकर्मा, सूरज चंद्राकर, यशवंत धृतलहरे, चंद्र प्रकाश चंद्राकर, कमलेश्वरी साहू, तामेश्वरी साहू, दामिनी वैष्णव, मंजू साहू, जितेंद्र चक्रधारी, मिथलेश साहू, नमिता ध्रुवंशी, रानू जोशी, कोमल साहू, तरुण कुमार साहू, मुकेश प्रधान, गायत्री सेन, टिकेश्वरी चंद्राकर, रितेश जोशी, महेश ध्रुव, मधुमति डहरिया, देवेंद्र साहू, दिनेश घाडगे आदि मौजूद रहे।

# फसल चक्र परिवर्तन को लेकर किसान हो रहे जागरूक

**रबी सीजन में चना, गेहूं फसल लेने का निर्णय ले रहे किसान, भावी पीढ़ी के लिए भू-जल की महत्व को समझ रहे किसान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला सहसंयोजक देवेंद्र चंद्राकर ने कहा कि रबी सीजन में धान फसल के बदले दलहन, तिलहन फसलें लेने की अपील सरकार द्वारा की जा रही है। प्रदेश में जल संरक्षण की दिशा में फसल चक्र परिवर्तन एक महत्वपूर्ण कदम हो सकता है। फसल चक्र परिवर्तन से मिट्टी की उर्वरा शक्ति में वृद्धि सहित भू-जल स्तर में सुधार होगा। साथ ही अंधाधुंध भू-जल के दोहन से ग्रीष्म ऋतु में जल संकट की समस्या से भी काफी हद तक राहत मिलेगी। चंद्राकर ने कहा कि जल संरक्षण की दिशा में राजनीति से ऊपर उठकर सभी को सार्थक पहल करने की आवश्यकता है। सरकार द्वारा की जा रही अपील हर वर्ग के हित में है। इस मुद्दे पर किसानों को बरगलाने के बजाए उन्हें फसल चक्र परिवर्तन के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। लेकिन, विपक्ष के नेता इस मुद्दे को राजनीतिक मुद्दा बनाकर बेतुकी बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार सदैव किसान हित में निर्णय लिए हैं। शासन के मंशानुरूप किसान भी जागरूक हो रहे हैं। प्रदेश के धमतरी जिले के ग्राम रांवा, ग्राम पंचायत परसतराई, नगर पंचायत आमदी सहित बालोद जिले के गुरुर ब्लाक अंतर्गत ग्राम पेंडरवानी के किसानों ने इस बार रबी सीजन में धान के बजाए चना व गेहूं की फसल लेने का निर्णय लिया है। किसान स्वयं इस बात से वाकिफ हैं, कि रबी सीजन में धान फसल की सिंचाई के लिए पानी के लिए किस हद तक परेशानी उठानी पड़ती है।



रबी सीजन में धान फसल लेने वाले किसान अपने खेतों में 24 घंटे सिंचाई बोर पंप चलाते हैं। अधिकांश गांवों के किसान रबी में धान फसल लेते आ रहे हैं, इसका विपरीत असर भू-जल स्तर पर सीधा पड़ता है। समय से पहले भू-जल स्तर गिरने से सिंचाई बोर पंप हाफने लगता है और गांवों में पेयजल संकट शुरू हो जाती है। ग्राम परसतराई के किसानों के इस निर्णय की प्रशंसा स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी की है। ग्राम परसतराई रबी सीजन में जल संरक्षण के लिए धान फसल का बहिष्कार किया और दलहन-तिलहन लेकर जल बचाव का सीख प्रदेशभर के किसानों को दिया है। चंद्राकर ने कहा कि सरकार द्वारा रबी सीजन में धान फसल नहीं लेने के लिए किसानों से केवल अपील की जा रही है। उन पर कोई दबाव नहीं डाला जा रहा। प्रदेश के किसानों को सरकार पर भरोसा है। इसलिए प्रदेश के विभिन्न जिलों के किसानों न रबी सीजन में धान फसल नहीं लेने का निर्णय पंचायतों में बैठक कर लिया है। छत्तीसगढ़ के किसानों की प्रशंसा दिल्ली में हो रही है।



### आरती में शामिल हुए विधायक

**महासमुंद।** शहर के गुजराती समाज भवन में शुक्रवार को स्थानीय विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा जलाराम बप्पा की आरती में शामिल हुए। इस दौरान उनके साथ पूर्व नपाध्यक्ष पवन पटेल, पार्षद देवीचंद राठी एवं गुजराती समाजजन मौजूद रहे।



### भाजपाइयों ने संभाला कार्यभार

**महासमुंद।** रायपुर लोकसभा के सांसद बृजमोहन अग्रवाल के आदेशानुसार भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ पार्षद महेंद्र जैन एवं पार्षद राजेंद्र चंद्राकर एवं दिनेश रूपरेला ने सिविल लाइन मंडल के बूथ क्रमांक 23, 24, 25 कटोरा तालाब शक्ति केंद्र पर कार्य संभाल लिया है।



### जलाराम जयंती कार्यक्रम में शामिल हुईं नपाध्यक्ष राशि

**महासमुंद।** जलाराम जयंती पर गुजराती समाज भवन प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में नपाध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग शामिल हुई। उन्होंने समाज के पदाधिकारियों से मुलाकात कर सभी समाजजनों को पर्व की बधाई दी।

## अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन 11 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- मेला में युवाओं को मिलेगा रोजगार का अवसर

शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 11 नवंबर को सुबह 9 बजे से अप्रेंटशिप मेले का आयोजन किया जाएगा। इस मेले का उद्देश्य स्थानीय स्तर पर रोजगार को बढ़ावा देना है और आईटीआई उत्तीर्ण युवाओं को विभिन्न उद्योगों में रोजगार के अवसर प्रदान करना है।

प्राचार्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था ने बताया कि मेले में जिले के समस्त उद्योग और प्रतिष्ठान अप्रेन्टिसशीप एवं प्लेसमेंट के लिए भाग लेंगे। उद्योग/प्रतिष्ठानों का पंजीयन पोर्टल पर किया जा सकता है, जिससे अधिक से अधिक प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार के अवसर मिल सकें। अप्रेंटिसशिप के लिए इच्छुक आईटीआई उत्तीर्ण युवा अपने सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ सुबह 10 बजे से संस्थान में उपस्थित हो सकते हैं। इस अवसर पर मेले में स्पॉट पंजीयन की सुविधा भी उपलब्ध होगी, जिससे प्रशिक्षार्थी और उद्योग आसानी से पंजीयन कर सकते हैं। यह मेला युवाओं को उनके कौशल के अनुसार बेहतर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने में सहायक सिद्ध होगा। अधिक जानकारी के लिए शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था महासमुंद के कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

## रचनाकार मुंशी प्रेमचंद की पुण्यतिथि पर ग्राम खरोरा में दी गई श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम खरोरा में देश के उपन्यासकार और संवेदनशील रचनाकार मुंशी प्रेमचंद की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित दी गई। जिसमें मितानिन कौशल्या चंद्राकर, भारती चंद्राकर, जया चंद्राकर, रूपेश चंद्राकर, भूषण चंद्राकर, चंचल चंद्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि मुंशी प्रेमचंद की लेखनी आज भी उतनी ही प्रासंगिक है, जितनी अपने रचनाकाल में किया थी। दरअसल, कहानी की पाश्चात्य विधा को जानने के बावजूद प्रेमचंद ने अपनी कहानियों में न केवल अपने समय को ही पूर्ण रूप से प्रतिबिंबित व स्पंदित किया, अपितु आदर्श को भी



समाज के समक्ष रखा, जो भारतीय लेखन-चिंतन का मूल आधार है। मुंशी प्रेमचंद ने जहां एक ओर अंध-परंपराओं पर चोट की वहीं सहज मानवीय संभावनाओं और मूल्यों को भी खोजने का प्रयास किया था इसी वजह से उनकी कहानियां व उपन्यास हिंदी साहित्य की अमर रचनाओं व कृतियों के रूप में अमिट धरोहर बन गईं। मुंशी प्रेमचंद ने साहित्य का आदर्श- साहित्य की बात करते थे। 'जो धन और संपत्ति चाहते हैं, साहित्य में उनके लिए स्थान नहीं थे केवल वे, जो यह विश्वास करते हैं कि सेवामय जीवन ही श्रेष्ठ जीवन है, जो साहित्य के भक्त हैं और जिन्होंने अपने हृदय को समाज की पीड़ा और प्रेम की शक्ति से भर लिया है, उन्हीं के लिए साहित्य में स्थान दिया है।

## जिले से मजदूरों के पलायन को रोकने के लिए कलेक्टर ने दिए सख्त निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- श्रमिकों का पूरा विवरण पलायन पंजी या विभागीय पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दर्ज करवाएं

जिले में मजदूरों द्वारा अधिक मजदूरी की तलाश में अन्य राज्यों की ओर पलायन करने की बढ़ती प्रवृत्ति पर संज्ञान लेते हुए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। जानकारी के अनुसार मजदूर अधिक आय की उम्मीद में बाहरी राज्यों की ओर जा रहे हैं। कलेक्टर ने ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों को निर्देशित किया है कि वे पलायन को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाएं। इस संबंध में ग्राम पंचायत सचिवों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए



गए हैं कि वे पलायन करने से पहले सभी श्रमिकों का पूरा विवरण पलायन पंजी या विभागीय पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दर्ज करवाएं। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि श्रमिकों को बिना विवरण दर्ज किए पलायन करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इस संबंध में पत्र के माध्यम से निर्देश जारी किए गए हैं। साथ ही, जन जागरूकता के लिए मुनादी और अन्य माध्यमों से प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के भी आदेश दिए गए हैं। सभी मुख्य नगरपालिका अधिकारी और जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को इन निर्देशों का सख्ती से पालन करने के लिए कहा गया है।

### खरीफ फसल 2024-25 के लिए गिरदावरी सत्यापन कार्य जारी

**महासमुंद।** खरीफ फसल 2024-25 के अंतर्गत किसानों द्वारा लगाए गए धान फसल की गिरदावरी का सत्यापन कार्य जारी है। जिले में कलेक्टर सहित अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार एवं संबंधित अधिकारियों द्वारा खेतों में जाकर गिरदावरी कार्य की पुष्टि की जा रही है। ताकि, किसानों को सही समय पर उचित सहायता और समर्थन उपलब्ध कराया जा सके। इस प्रक्रिया में पारदर्शिता और शुद्धता लाने के उद्देश्य से पटवारियों द्वारा की गई गिरदावरी की सटीकता का मूल्यांकन किया जा रहा है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने दो दिवस के भीतर चयनित खसरा प्रविष्टियों का सत्यापन करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है। सरकार ने फसल गिरदावरी और सत्यापन के लिए जीपीएस आधारित मोबाइल एप्लिकेशन का उपयोग किया है। इसके पहले, संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया था। ताकि, वे इस तकनीक का सही इस्तेमाल कर सकें। इस तकनीकी प्रक्रिया का मुख्य उद्देश्य खेतों की वास्तविक स्थिति का आंकलन करना है, जिससे राज्य को सटीक आंकड़े मिल सकें और कृषि नीतियों को प्रभावी ढंग से लागू किया जा सके। सत्यापन प्रक्रिया के तहत अधिकारी खेतों का दौरा कर रहे हैं और फसल की गुणवत्ता, भूमि की स्थिति, और उत्पादन की संभावनाओं का निरीक्षण कर रहे हैं। इसी क्रम में तहसीलदार बसना ममता ठाकुर द्वारा सरायपाली तहसील के ग्राम हरदासरार में भौतिक सत्यापन का कार्य किया गया।

## महांती समाज का दीपावली मिलन कार्यक्रम हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छग करण महांती समाज ने अपने सामाजिक भवन जगन्नाथ भवन में रविवार को बड़े धूमधाम के साथ दीपावली मिलन कार्यक्रम किया। कार्यक्रम में समाज की सभी महिलाओं, बच्चों, युवाओं एवं पुरूषों ने भाग लिया।

सर्वप्रथम युवा मंच के सदस्यों ने समाज के वरिष्ठ पुरूष एवं महिला सदस्यों को तिलक लगाकर सम्मान किया। सभी ने गले मिलकर एक दूसरे को दीपावली पर्व, चित्रगुप्त पूजा, भाई दूज की शुभकामनाएं दी। सभी पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर सभी वरिष्ठ सदस्यों ने अपने उद्बोधन में भगवान चित्रगुप्त से समाज की प्रगति का आशीर्वाद मांगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने बहुत ही शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का प्रारम्भ समाज के गौरव चंदन सरकार द्वारा एक




भक्ति गीत से प्रारंभ हुआ। बाद मोना, पीहू, शिल्पी, भूमिका, पीहू, परी द्वारा मनमोहक नृत्य, आस्था पटनायक द्वारा शानदार शास्त्रीय नृत्य, श्रेष्ठी एवं श्रेया द्वारा युगल नृत्य, अध्ययन महांती द्वारा केशियो वादन, वीरप्रताप महांती द्वारा जूडो, कराते, प्रदर्शनी, मिली महांती द्वारा उड़ीसा नृत्य, रश्मि महांती का गायन देर रात तक चलता रहा। इसके अलावा विकास महांती द्वारा समाज की महिलाओं पुरूषों एवं बच्चों का मनोरंजक खेलकूद कराया गया। प्रश्नोत्तरी में उत्कल संस्कृति से संबंधित ज्ञान वर्धक बातें बतायी गई एवं सामान्य ज्ञान के प्रश्न पूछे गए।

## उगते सूर्य भगवान को अर्ध्य व पूजन करने के बाद व्रतियों ने घाट पर पारण कर पर्व का किया समापन



**सरायपाली।** लोक आस्था के छठ महापर्व का चौथे दिन आज सुबह छठवर्तियों के उगते सूर्य भगवान को अर्घ्य देने के साथ समापन हो गया। इसके बाद सभी छठ व्रतियों ने व्रत का पारण किया। मान्यता है कि सूर्योदय के समय अर्घ्य देने से सुख-समृद्धि, सौभाग्य, संतान प्राप्ति की मनोकामना और संतान की रक्षा का वरदान मिलता है। छठ महापर्व के आखिरी दिन सूर्योदय के दौरान अर्घ्य देते समय मंत्र जाप किया गया। महापर्व छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान मंगलवार को नहाय-खाय के साथ आरंभ हुआ था। पहले दिन व्रतियों ने यहां स्नान के साथ सूर्यदेव को जल से अर्घ्य दिया। इसके बाद पूरी पवित्रता के साथ अरवा चावल, चना दाल, कद्दू की सब्जी और आंवले की चटनी आदि का भोग लगाकर प्रसाद तैयार किया। बुधवार को खरना पूजन के दिन व्रतियों ने पूरे दिन उपवास कर शाम में भगवान का भोग लगाकर प्रसाद ग्रहण किया। इसके बाद 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हुआ। गुरुवार को व्रतियों ने डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया। आज उदीयमान सूर्य को नदी-तालाब या अन्य जल स्रोतों के बीच खड़े होकर अर्घ्य देने के साथ ही छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान पूरा हो गया। छठ व्रतियों ने अनुष्ठान के समापन की पूर्व संध्या पर अस्तांचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया। इस दिन षष्ठी तिथि को छठी मैया का पूजन विधि-विधान के साथ हुआ। सात नवंबर को धृति व रवि योग का संयोग बना रहा। व्रतियों ने जल में खड़े होकर पवित्रता के साथ फल, मिष्ठान, नारियल, पान-सुपारी, फूल, अर्कपात से भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर परिवार की कुशलता के लिए प्रार्थना की। आज सुबह कार्तिक शुक्ल सप्तमी तिथि को सर्वार्थ सिद्धि योग व रवि योग में उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ चार दिवसीय पर्व संपन्न हुआ। अर्घ्य व पूजन करने के बाद व्रतियों ने घाट पर पारण कर पर्व का समापन किया।




### दामाखेड़ा में घटित घटना के विरोध में कबीरपंथी समाज ने सौंपा ज्ञापन

**महासमुंद।** समस्त कबीर पंथी समाज बागबाहरा क्षेत्र ने दामाखेड़ा में घटित घटना की निंदा करते हुए दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। साथ ही कहा है कि किसी भी आश्रम में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति नहीं होना चाहिए। 31 अक्टूबर को घटित इस घटना से कबीरपंथी समाज उद्वेलित है। यह समाज कभी भी हिंसा का समर्थन नहीं करता। दामाखेड़ा में आचार्य प्रकाश मुनि साहब एवं नवोदित वंशाचार्य उदित मुनि नाम साहब पर कुछ सामाजिक तत्वों द्वारा 31 अक्टूबर की रात आश्रम में घुसकर तोड़फोड़ किया गया और जान से मारने की कोशिश की गई। इस घटना की जितनी भी निंदा की जाए कम है। घटना के विरोध में बागबाहरा क्षेत्र के समस्त कबीर पंथी समाज ने बैठक की और एसडीएम बागबाहरा को मुख्यमंत्री और गृहमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कबीर पंथी समाज के पदाधिकारी प्रदेश उपाध्यक्ष रोशनलाल साहू, परिक्षेत्र सचिव डॉ हेमलाल साहू, सहसचिव युवराज साहू, मयाराम साहू, पूरन साहू, दानी साहू, चंद्रप्रकाश साहू, गिरिधर साहू, सुंदर साहू, रेवाराम साहू भूपेंद्र साहू, घासीदास साहू, डॉ सुंदर साहू, बुद्धचंद्र साहू, धनंजय साहू, यशवंत साहू, गौतम मानिकपुरी आदि उपस्थित थे।

## जिले में राशन कार्ड के हजारों आवेदन पेंडिंग, चक्कर काट रहे गरीब हितग्राही: विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने आरोप लगाया है कि पात्र हितग्राहियों का राशन कार्ड न बनाकर अपात्र लोगों का राशन कार्ड रुपए लेकर हाथों-हाथ बनाया जा रहा है।

महासमुंद जनपद में विगत दिनों फर्जी तरीके से रुपए लेकर राशन कार्ड बनाए जाने का मामला प्रकाश में आने के बाद भी इस कार्य में संलिप्त लोगों पर प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिससे राशन कार्ड के अवैध धंधे में लिप्त दलालों व कर्मचारियों के हौसले बुलंद हैं। विगत 6-6 माह से हजारों आवेदन जनपद के खाद्य शाखा में पेंडिंग पड़े हुए हैं। हितग्राही राशन कार्ड के लिए चक्कर लगा रहे हैं। लेकिन, उन्हें राशन कार्ड नहीं दिया जा रहा। वहीं, दलाल व संलिप्त लोगों द्वारा रूपए की मांग की जा रही है, जो रुपए देने में सक्षम हैं



तथा 3 से 5 हजार रुपए दे रहे हैं, उनका राशन कार्ड हाथों-हाथ मिल रहा है। यह स्थिति जिले के समस्त जनपदों व निकायों में व्याप्त है। पैसे दो और कार्ड लो का खेल चल रहा है। इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर कोई जांच व कार्रवाई नहीं होना खाद्य शाखा के अधिकारी-कर्मचारियों की मिलीभगत को भी इंगित कर रहा है।

चंद्राकर ने कहा कि 2 माह पूर्व उन्होंने कलेक्टर को पत्र प्रेषित कर फर्जी तरीके से राशन कार्ड बनाने वालों पर सख्त कार्रवाई की मांग की थी। उन्होंने कलेक्टर से इस मामले में जांच कर दोषियों को राशन कार्ड के कार्य से हटाने की मांग कर पात्र हितग्राहियों को शीघ्र राशन कार्ड प्रदान करने का निवेदन किया था। लेकिन, आज तक इस प्रकरण में जांच, कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि गरीब पात्र हितग्राहियों के साथ अन्याय हुआ तो कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी, गरीबों के हक व अधिकार के लिए सड़क की लड़ाई लड़ने विवश होंगे।

## खबर संक्षेप



### देवरी में हजरत सूफी शहीद इस्लाम शाह का उर्सपाक आज

**महासमुंद।** हजरत सूफी शहीद इस्लाम शाह (देवरी वाले बाबा) का उर्स पाक समारोह 9 नवंबर को मनाया जाएगा। उर्स की शुरुआत सुबह 7 बजे परचम कुशाई से होगी। बाबा की मजार बोरसी से कौंदकेरा मार्ग पर ग्राम देवरी में स्थित है। इसमें शामिल होने के लिए रायपुर, महासमुंद, राजिम, गरियाबंद समेत आसपास के कई शहरों से लोग बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। परचम कुशाई के बाद सुबह 11 बजे दरुद, ख्वानी और दोपहर 3 बजे से आम लंगर होगा। दरगाह परिसर से ही दोपहर बाद शाही संदल शरीफ निकाली जाएगी, जो गांव का गश्त कर वापस दरगाह आएगी। उर्स पाक में शामिल होने जामा मस्जिद के पेश इमाम मुफ्ती मोहम्मद आफताब आलम रहमती देवरी पहुंचेंगे।

### आंवला व लक्ष्मी पूजा कार्यक्रम कल

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में 10 नवंबर रविवार को प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक परशुराम सेवा समिति सदन ग्राम मचेवा में आंवला व मां लक्ष्मी पूजन कार्यक्रम रखा गया है। साथ ही भोजन प्रसादी की भी व्यवस्था की गई है। इस दिन पूजा-पाठ और दिया हुआ दान-पुण्य अक्षय हो जाता है, इसलिए इस का नाम अक्षय नवमी है। गौ भू हिरण्य और वस्त्राभूषण का किया हुआ दान यथासंभव इंद्रत्व नराधिपत्य का फल देता है। और ब्रम्हहत्या जैसे महापाप भी मिट जाता है। छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष प्रमोद तिवारी ने समस्त विप्रजनों को उक्त तिथि को पूजा पाठ कर भोजन प्रसादी प्राप्त करने का अनुरोध किया है।



### खरोरा में उपसरपंच का किया गया सम्मान

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में भारतीय वायुसेना दिवस पर उपसरपंच हेमलता चंद्राकर का सम्मान किया गया। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि इस दिन को मनाने की वजह यह है कि 8 अक्टूबर 1932 को भारतीय वायुसेना (आईएएफ) की स्थापना हुई थी और देश की रक्षा के लिए वायुसेना के जवानों के बलिदान को सम्मानित करते है। साथ ही इस दिन को देश और उसके लोगों की सुरक्षा में वायुसेना के योगदान को दर्शाने के लिए मनाया जाता है।

## छठ घाट पहुंचकर निखिल ने की व्रतियों से भेंट



**महासमुंद।** नगर पालिका सभापति व युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव निखिलकांत साहू महामाया तालाब छठ घाट पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने छठी मइया की पूजा कर आशीर्वाद प्राप्त किया। निखिल ने कहा कि यह व्रत लोगों के बीच भेदभाव को मिटाने वाला है। इस पर्व में गन्ने की महत्ता पर उन्होंने कहा कि मीठे गन्ने की तरह बोली-भाषा में मधुरता व संबंधों में मिठास तथा हर समाज में भाईचारा, आपस में सौहार्द्रता बना रहे छठी मईया से यही प्रार्थना करते हैं।



## छठ पर्व पर महामाया तालाब घाट में पहुंची नपाध्यक्ष

**महासमुंद।** नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग व पूर्व नपा उपाध्यक्ष व कांग्रेस नेता त्रिभुवन महिलांग ने गुरुवार को अर्घ्य देने के लिए महामाया तालाब घाट में पहुंची व्रती महिलाओं को बधाई देने के लिए पहुंची। उन्होंने भी व्रतियों के साथ पूजा अर्चना की और सभी व्रतियों के साथ भोजपुरी समाजजनों को छठ पर्व की बधाई दी।

## छठ पूजा में पहुंचे भाजपाई



**महासमुंद।** स्थानीय महामाया तालाब में छठ पूजा पर परिवार के सुख-समृद्धि की कामना के साथ उगते सूरज को अर्ध्य दिया। इस दौरान चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक व पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा समर्थकों के साथ व्रती महिलाओं से मुलाकात कर छठ पर्व की बधाई दी। इस दौरान पार्षद देवीचंद राठी, मीना वर्मा, महेंद्र जैन, मनीष शर्मा, राजू चंद्राकर, माधवी, महेंद्र सिका, गोपाल वर्मा मौजूद रहे।

**शिक्षा : सप्ताह में तीन दिन लगातार दी जा रही है कोचिंग**

# कोचिंग में नवोदय परीक्षा के लिए निःशुल्क पढ़ा रहे सरकारी शिक्षक


हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा

जिले के अंतिम छोर पर स्थित नर्रा

- प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला के शिक्षकों की टीम कर रही निःस्वार्थ अध्यापन

संकुल के अंतर्गत दस शासकीय प्राथमिक शालाएं तथा एक निजी प्राथमिक विद्यालय संचालित है। इस क्षेत्र में छात्रों को स्कूल के अलावा कोचिंग जैसी कोई सुविधा उपलब्ध नहीं हो पाती है। वहीं शिक्षकों ने क्षेत्र के पालकों से चर्चा कर इस बार कक्षा पांचवीं के विद्यार्थियों को केंद्र सरकार द्वारा संचालित नवोदय विद्यालय में कक्षा छठवी में अध्यापन के लिए आवेदन फॉर्म भरवाया है। पालकों से चर्चा कर संकुल प्राचार्य सुबोध कुमार तिवारी, संकुल समन्वयक खगेश्वर साहनी के नेतृत्व में संकुल केंद्र नर्रा में प्रति सप्ताह तीन दिन लगातार नवोदय प्रवेश परीक्षा के लिए निःशुल्क कोचिंग दी जा रही है।

प्राचार्य सुबोध तिवारी ने बताया कि क्षेत्र के वंचित छात्रों को अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संकुल के शिक्षकों द्वारा निःस्वार्थ समय देकर अध्यापन कराया जा रहा है। सप्ताह में तीन दिन एक घंटे की कक्षा के लिए संकुल के अलग-अलग अनुभवी शिक्षकों द्वारा कोचिंग दी जाती है। इस पूरी व्यवस्था के सुचारू संचालन के लिए शासकीय प्राथमिक शाला नर्रा के प्रधानपाठक डिगम साहू को नोडल तथा श्रवण ठाकुर को सहायक नोडल की जिम्मेदारी दी गई है। वे प्रति सप्ताह अध्यापन के लिए समय सारणी का निर्धारण करते हैं।





प्रधानपाठक डिगम साहू ने बताया कि पहले कोचिंग केंद्र में प्राथमिक शाला नर्रा, प्राथमिक शाला बिंद्रावन, प्राथमिक शाला राटापाली, प्राथमिक शाला झलमला, प्राथमिक शाला कोकड़ी, प्राथमिक शाला मुड़पार, प्राथमिक शाला नकटपार तथा एक निजी सरस्वती शिशु मंदिर सहित कुल 35 छात्र नियमित रूप से कोचिंग का लाभ ले रहे हैं। इस केंद्र में नियमित रूप से तार्किक एवं बौद्धिक क्षमता, गणित, हिंदी, एवं पर्यावरण विषय के प्रश्नों का अभ्यास एवं अध्यापन कराया जा रहा है। संकुल केंद्र में पहली बार प्रारंभ किए गए इस अभिनव पहल से छात्रों के पालक भी उत्साहित हैं। इन शिक्षकों की टीम लगातार सेवा दे रही है। इसमें गोविंद चक्रधारी, सुबेलाल बरिहा, धनेश्वरी बांधकर, मुकेश पटेल, मनीष यादव आदि शामिल है।

# स्काउट्स-गाइड्स स्थापना दिवस पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बानीगिरोला में स्थापना दिवस उत्साह के साथ सामूहिक रुप से मनाया गया। इस अवसर पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन वाद्य यंत्रों के साथ संगीतमय वातावरण में किया गया।

समस्त अतिथियों का स्वागत परंपरा अनुसार स्कार्फ-वागल से किया गया। मुख्य अतिथि ओमप्रकाश चौधरी ने अपने संबोधन में स्काउटिंग एवं इसके विभिन्न आयामों के बारे में सविस्तारपूर्वक बताते हुए स्काउट गाइड संगठन से जुड़कर निरंतर सेवा देने प्रेरित किया। सहायक शिक्षा अधिकारी डीएन दीवान ने स्काउटिंग के इतिहास एवं भारत स्काउट्स एवं गाइड्स संगठन के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी दी एवं इनके कार्यों की सराहना की। ग्रुप लीडर स्काउट एवं प्राचार्य सीएल पुहुप ने सभी को स्थापना दिवस की बधाई देते हुए स्काउटिंग को जीवन में आत्मसात करने प्रेरित किया। प्राचार्य बीएस भोई ने सभी का अपने विद्यालय में स्वागत करते हुए स्थापना दिवस कार्यक्रम की सराहना किया और स्काउटिंग से जुड़कर अपने जीवन में निखार लाने की प्रेरणा दी। प्रभारी प्राचार्य टीसी पटेल ने भारत स्काउट्स एवं गाइड्स संगठन की सराहना करते हुए स्थापना दिवस मनाए जाने के निर्णय को महत्वपूर्ण बताया और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए स्काउटिंग गतिविधियों में शामिल होकर इसका लाभ लेने की जरूरत पर बल दिया। कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कार्यक्रम का संचालन सचिव यशवंत कुमार चौधरी ने किया। बीईओ एवं पदेन सहायक जिला आयुक्त स्काउट प्रकाशचंद्र मांझी के आदेशानुसार उनके मार्गदर्शन में तृतीय सोपान प्रशिक्षण एवं जांच शिविर आयोजित करने के लिए अध्यक्ष ओमप्रकाश चौधरी एवं एबीईओ डीएन दीवान एवं उपस्थित समस्त प्राचार्यों, पदाधिकारियों, स्कूलों से आए हुए प्रभारी शिक्षक, स्काउटर गाइडर, रोवर लीडर के साथ बैठक किया गया। जिसमें शिविर के लिए चर्चा -परिचर्चा करते हुए सर्वसम्मति से रूपरेखा तैयार कर शीघ्र शिविर आयोजन के लिए उपस्थितों द्वारा सामूहिक रुप से निर्णय लिया गया। स्थापना दिवस कार्यक्रम एवं बैठक में अतिथियों के साथ कोषाध्यक्ष कैलाशचंद्र




पटेल, सचिव यशवन्त कुमार चौधरी, संयुक्त सचिव विलास बाघ, पूर्व सचिव हेमंत चौधरी, वरिष्ठ स्काउटर चक्रधर प्रसाद डडसेना, गाइडर सविता साहू, रोवर लीडर सुरेंद्र प्रधान, संजय कर, कुमार आदित्य विक्रम सिंह ध्रुव, नरेश कुमार पारेश्वर, दिलीप कुमार पाणिग्राही, दिलीप कुमार त्रिपाठी, पुरुषोत्तम स्वाई, आशीष सामल, श्रुति सामल, अनिरुद्ध पटेल, डॉ मुकेश चौधरी, आर उबोवेजा, प्रज्ञा शर्मा, उषा भोई, सावित्री बरिहा आदि की सक्रिय उपस्थिति एवं सहयोग रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में पदाधिकारियों, शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल बानीगिरोला का स्टॉफ एवं प्रबंधन, रोवर- रेंजर,स्काउट-गाइड एवं स्कूली विद्यार्थियों का सहयोग रहा।



## नर्रा स्कूल में मूलभूत सुविधाओं और विकास के लिए प्रभारी मंत्री से चर्चा

**नर्रा।** भाजपा महिला मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष लेखमणि पटेल, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष टेकराम पटेल, सदस्य किरण यदु ने शासकीय कुलदीप निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नर्रा में विभिन्न मूलभूत सुविधाओं तथा विकास से संबंधित मांगों को लेकर प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल से मुलाकात व चर्चा कर मांग पत्र सौंपा गया। इस विद्यालय में विज्ञान प्रयोगशाला भवन, प्रार्थना सभा स्थल में शेड निर्माण, पुरानी भवन का मरम्मत के अलावा विषयवार शिक्षकों की पदस्थापना, गर्ल्स कॉमन रूम सहित अन्य मांगों को लेकर प्रभारी मंत्री से विस्तृत चर्चा की गई। जिस पर प्रभारी मंत्री ने शीघ्र ही सकारात्मक पहल कर निर्णय लिए जाने का आश्वासन दिया गया है।




# नगर पालिका के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को 10 नवंबर से निष्ठा एप में दर्ज करानी होगी उपस्थितिः सीएमओ

**महासमुंद।** नगर पालिका में कार्यरत सभी अधिकारी-कर्मचारी आगामी 10 नवंबर से अपनी उपस्थिति अब निष्ठा एप में दर्ज करानी होगी। इस संबंध में सीएमओ विजय पांडेय ने आदेश जारी किया है। उन्होंने कहा है कि 10 नवंबर 2024 से समस्त अधिकारी कर्मचारी अनिवार्य रूप से निष्ठा एप के माध्यम से कार्यालय में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। आदेश के अनुसार पालिका में कार्यरत समस्त नियमित, अधिकारी-कर्मचारी, प्लेसमेंट पर कार्यरत, कुशल, अर्द्धकुशल तथा अकुशल श्रमिकों, स्वच्छता कमांडो तथा मिशन क्लीन सिटी के अंतर्गत कार्यरत स्व-सहायता समूहों के सदस्य निष्ठा एप से अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। मुख्य नगर पालिका अधिकारी विजय पांडेय ने बताया है कि शासन ने निष्ठा एप में दर्ज उपस्थिति के आधार पर अधिकारी कर्मचारियों का उत्पन्न पेरोल के आधार पर ही वेतन भुगतान करने का निर्देश दिए हैं। अन्य किसी प्रक्रिया से दर्ज की गई उपस्थिति को मान्यता नहीं दी है। आगामी 10 नवंबर 2024 से महासमुंद नगर पालिका के सभी अधिकारी-कर्मचारियों पर यह नियम लागू कर दिया गया है।

## छग शिक्षक संघ प्रांतीय निर्वाचन एवं परिषद की बैठक आज से

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ का प्रांतीय निर्वाचन एवं महासभा सदस्यों की बैठक बागबाहरा क्षेत्र के घुंचापाली में होने जा रहा है। संगठन के प्रांतीय महामंत्री एवं जिला अध्यक्ष टेकराम सेन ने बताया कि उक्त निर्वाचन के लिए राज्यभर के 255 शिक्षक प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे एवं राष्ट्रहित, शिक्षा शिक्षार्थी एवं शिक्षक हितों में महत्वपूर्ण निर्णय लिया जाएगा। जिलाध्यक्ष टेकराम सेन ने बताया कि निर्वाचन में अध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष, प्रांतीय उपाध्यक्ष 03 पद प्रांतीय मंत्री 3 पद पर निर्वाचन संपन्न होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के रुप में पूर्व प्रांताध्यक्ष सुधीर गौतम, सहायक निर्वाचन अधिकारी डॉ. रविंद्र सिंह चौहान, वेणु दिल्लीवार, मनोज तिवारी, मंगराराम महतो एवं नोहर सिंह होंगे। महासभा की बैठक एवं निर्वाचन गरिमामय ढंग से हो, इसलिए प्रांतीय महामंत्री उमेश भारती गोस्वामी की अध्यक्षता एवं जिलाध्यक्ष टेकराम सेन के नेतृत्व में बैठक लेकर पदाधिकारियों एवं शिक्षकों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। प्रांताध्यक्ष ओंकार सिंह ठाकुर ने कहा कि संगठन के गरिमा के अनुरुप अपनी उपस्थिति देकर कार्यक्रम को सफल बनाए। जिला की ओर से उमेश भारती गोस्वामी, अशोक शर्मा, चंद्रहास पात्र, यूके दास, राजेन्द्र इंगोले, डोमन सिंह टंडन, भागवत जगत, राजेश शर्मा, भगोलीराम, विजयलक्ष्मी चंद्राकर, रेवती सिंह को संपूर्ण व्यवस्था प्रभारी का दायित्व सौंपा गया है। आवास व्यवस्था के लिए राजेश शर्मा, रोहिणी देवांगन, किशोर कुमार रथ, अनिल पटेल, रेवती सिंह, राधेश्याम निषाद, खगेंद्र तारक को जिम्मेदारी दी गई है। भोजन व्यवस्था अविनाश लाल, कुबेर साहू, अवधराम वर्मा रायपुर, लक्ष्मीकांत सिन्हा, रामनारायण धीवर, मनोज राणा, तोपसिंह पटेल, नंदकिशोर चंद्राकर, नित्यानंद पंडा, पिरित पटेल एवं पंजीयन मानिक साहू, चेतन दीवान, अंतर्यामी प्रधान, आशा साहू, पदम लोचन, लता वैष्णव, गेंदलाल साहू, शेष मनारायण साहू, रामकुमार साहू, सुशील शर्मा, मनीराम यादव, राकेशधर शर्मा, इसी प्रकार तिलक चंद्राकर, राजेंद्र इंगोले, केतन साहू, अभिमन्यु गायकवाड़, केवल टंडन, भगोलीराम को बैठक एवं जल व्यवस्था सौंपा गया है।
















विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

